# शेखावाटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नॉलोजी को मिली नेक प्रमाणिकता

**मॉर्निंग न्यूज @ सीकर।** शेखावाटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नॉलोजी को इंजीनियरिंग संस्थान वर्ग में नेक प्रमाणिकता प्राप्त हुई। संस्थान के चेयरमैन इंजी रणजीत सिंह ने बताया कि यह गर्व की बात है कि नेक प्रमाणिकता प्राप्त करने वाला शेखावाटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नॉलोजी, सीकर जिले का पहला इंजिनियरिंग संस्थान है। यह प्रमाणिकता संस्थान के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं शैक्षणिक उत्कृष्ठता को प्रमाणित करता है। शेखावाटी क्षेत्र में संस्थान अब विद्यार्थियों के लिए प्रमुख तकनीकी संस्थान श्रेणी में आ गया है इससे विद्यार्थियों को न केवल राज्य स्तर की अपीतु राष्ट्रीय स्तर की भी छात्रवृतियां एवं अन्य शेक्षणिक अवसर प्राप्त होने के द्वार खुल गये है। भविष्य में अन्य राज्यों के विद्यार्थियों को भी सभी प्रकार के छात्रवृतियां एवं अवसर प्राप्त हो सकेंगे। सिंह ने आगे बताया कि विद्यार्थियों को करियर एवं वैश्विक अवसरों में लाभ होगा क्यों कि प्लेसमेंट हेतु संस्थान में अब प्रमुख कम्पनियों की रूचि बढेगी साथ ही बैहतर स्कील पाठ्यक्रमों द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय अवसर भी प्राप्त होगें। संस्थान के निदेशक डॉ के के व्यास ने बताया कि इनोवेटिव लर्निंग द्वारा प्रेक्टिकल एवं उद्योग उन्मुख शिक्षा प्रदान की जायेगी जिससे विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढेगा। संस्थान के प्राचार्य डॉ सुरजीत कुमार ने बताया की विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ नैतिक मुल्यों एवं नेतृत्व कौशल का भी अवसर प्राप्त होगा।

3 | www.chandigarhdinbhar.com | हरियाणा/राजस्थान | चंडीगढ़। शनिवार 16 सितंबर 2023 | चंडीगढ़ दिनभर









## राजस्थान मिशन 2023 : क्विज एवं वाद विवाद प्रतियोगिता करवाई

**सीकर।** जयपुर रोड स्थित शेखावाटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के अभियांत्रिकी विभाग के तीन दिवसीय टेक-उत्सव 2023 के तीसरे एवं अंतिम दिन आज के प्रारम्भ में विद्यार्थियों ने राजस्थान मिशन 2030 के अन्तर्गत क्विज एवं वाद विवाद प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इसके पश्चात 100 विद्यार्थियों ने कॉर्डिनेटर रामप्रसाद जी के नेतृत्व में समीपवर्ती इंडस्ट्रियल संस्थानों एवं बड़े कन्स्ट्रक्शन साइटों का भ्रमण किया। संस्थान के चैयरमैन इंजी.रणजीत सिंह ने बताया कि संस्था एवं इंडस्ट्रीज के अच्छे संबंधो की बदौलत प्रारंभ से ही विद्यार्थियों को लैब एवं इंडस्ट्रीज की कार्यप्रणाली से विद्यार्थियों को रूबरू करवा कर उन्हे आने वाले स्पर्धा आधारित वैश्विक वर्ल्ड के लिए तैयार करना ही मुख्य ध्येय है। सभी विद्यार्थियों ने अपने अनुभव व्यक्त कर प्रशंसा जाहिर की।

# टेक उत्सव 2023 के अंतिम दिन विद्यार्थियों ने किया औद्योगिक भ्रमण

17/9/2023 (Aas-pass page 8)




**सीकर** ।जयपुर रोड स्थित शेखावाटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के अभियांत्रिकी विभाग के तीन दिवसीय टेक उत्सव 2023 के तीसरे एवं अंतिम दिन आज़ विद्यार्थियों ने राजस्थान मिशन 2030 के अन्तर्गत क्विज़ एवं वाद विवाद प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। लगभग 100 विद्यार्थियों ने कॉर्डिनेटर रामप्रसाद के नेतृत्व में समीपवर्ती इंडस्ट्रियल संस्थानों एवं बड़े कंस्ट्रक्शन साइटों का भ्रमण किया। संस्थान के चेयरमैन इंजी. रणजीत सिंह ने बताया कि संस्था एवं इंडस्ट्रीज के अच्छे सम्बंधों की बदौलत आरंभ से ही विद्यार्थियों को लैब एवं इंडस्ट्रीज की कार्यप्रणाली से विद्यार्थियों को रूबरू करवाकर उन्हें आने वाले स्पर्धा आधारित वैश्विक वर्ल्ड के लिए तैयार करना ही मुख्य ध्येय है।

दैनिक भास्कर

सीकर भास्कर 07-08-2024

# रोबोटिक्स पर कार्यशाला का शुभारंभ



सीकर | जयपुर रोड स्थित शेखावाटी ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस में इंजीनियरिंग व आईटी विभाग के बैनर तले मंगलवार को दो दिवसीय आईओटी एवं रोबोटिक्स कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। संस्था अध्यक्ष रणजीत सिंह ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आईओटी व रोबोटिक्स के क्षेत्र में हो रहे तकनीकी विकास के बारे में जानकारी देना है। ग्रुप डायरेक्टर डॉ. केके व्यास ने विद्यार्थियों को दैनिक जीवन में एआई एंड मशीन लर्निंग की उपयोगिता के बारे में बताया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता प्रथमेश बारिक एवं यशवंत कुमार रहे। इस दौरान विभागाध्यक्ष मनीष माथुर, कुशाल जैन, कन्हैया लाल कुमावत, संदीप कुमार, नोरत मल सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# इंजीनियर्स डे पर दो दिवसीय कार्यक्रम शुरू



सीकर| शेखावाटी ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स के इंजीनियरिंग विभाग द्वारा इंजीनियर्स डे के उपलक्ष में दो दिवसीय टेक उत्सव का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. कमल के व्यास ने किया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर विकसित भारत 2047 की थीम पर सेमिनार प्रेजेंटेशन एवं तकनीकी प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया। कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रोजेक्ट डेमोस्ट्रेशन एवं पोस्टर प्रेजेन्टेशन सहित अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।